तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 24 मार्च 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

नेशनल हाइवे के इर्द गिर्द ही मंडरा रहा है हाथियों का झुंड



## खबर संक्षेप

### कॉलेज के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने किया मतदान के लिए जागरुक

**कोरबा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत युवाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक पहल की गई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता शपथ, पोस्टर, काव्य पाठ व मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में स्वीप प्रभारी श्रीमती ज्योति दीवान व ईएलसी क्लब के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य ने समस्त छात्र-छात्राओं से मतदान की प्रक्रिया समझाते हुए लोकतंत्र के त्यौहार में अपनी भागीदारी प्रदान करने ओर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया।

### कमलेश ने अपने पद व प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

**हरदीबाजार।** लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, सभी पार्टियां 2024 में जीत के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। प्रदेश में तीन चरणों में मतदान होने हैं। एक तरफ जहां बीजेपी ने अपने सभी उम्मीदवारों को मैदान पर उतार दिया है तो वहीं कांग्रेस भी अपना प्रत्याशीयों की लिस्ट घोषित कर दिया हैं। इसी बीच कोरबा लोकसभा में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार कुर्रे ने अपने पद एवं प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। सुत्रों की माने तो भाजपा में शामिल हो सकतें हैं। लोकसभा चुनाव बेहद नजदीक है। ऐसे में दल-बदल का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहें हैं।

### भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान को किया याद

**चैतमा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर डॉ.मनोज सिन्हा समन्वयक, जिला संगठक कोरबा प्रो वायके तिवारी के निर्देश पर प्राचार्य संरक्षक प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी कार्यक्रम अधिकारी वीरेन्द्र कुमार बंजारे के मार्गदर्शन में शहीद दिवस पर पुष्प अर्पित कर व्याख्याता विजेता चतुर्वेदी, धनराज, प्रज्ञा दास, नबीउल्ला सिद्धिकी पीटीआई, स्टॉफ चंद्रमुखी साहू, आशीष उपाध्याय, मुरारीलाल धीवर, संजीव तिवारी, शालनी सिंह, कीर्तन बघेल, देवानंद एवं स्वयं सेवक विद्यार्थियों ने शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि शाहिद दिवस 23 मार्च 1931 की शाम 7.23 पर भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु को फांसी दे दी गई। भगत सिंह (जन्मः 28 सितम्बर 1907 , वीरगतिः 23 मार्च 1931) भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। शहीद सुखदेव का जन्म 15 मई, 1907 को पंजाब को लायलपुर पाकिस्तान में हुआ। भगतसिंह और सुखदेव के परिवार लायलपुर में पास-पास ही रहने से इन दोनों वीरों में गहरी दोस्ती थी, साथ ही दोनों लाहौर नेशनल कॉलेज के छात्र थे। सांडर्स हत्याकांड में इन्होंने भगतसिंह तथा राजगुरु का साथ दिया था।

### क्रिकेट स्पर्धा कोरबा की टीम ने जीता मैच

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर टी-20 प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसके तहत सेक्टर-10 बीएसपी क्रिकेट मैदान में दो मैच खेले गए। पहला मैच में बिलासपुर ब्लू ने कवर्धा को पराजित किया। दूसरे मैच में धमतरी को कोरबा ने 2 विकेट से हराया। दिन का पहला मैच बिलासपुर ब्लू और कवर्धा के बीच खेला गया। इसे बिलासपुर ब्लू ने 33 रन से जीता। पहले खेलते हुए बिलासपुर ब्लू की टीम ने 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 145 रन बनाए। इसमें अल्तमश खान ने 40 रन और नावेद अली ने 35 रन की पारी खेली। स्पर्धा के तहत दिन का दूसरा मैच धमतरी और कोरबा के बीच खेला गया।

# एसईसीएल ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए लागू की नई एसओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में किसी कर्मचारी की कार्यकाल के दौरान मृत्यु हो जाने पर उसके आश्रित को रोजगार प्रदान करने की नीति है जिसके लिए पुरानी नियमो को बदल कर नयी एसओपी अपनायी गयी है जिससे आश्रित परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रमिक संगठनों द्वारा नई एसओपी को लेकर विरोध जताया जा रहा है। ऊर्जाधानी भू विस्थापित किसान कल्याण समिति ने भी नए नियम को लेकर सीएमडी से शिकायत की है।

अलग खबर

एसईसीएल एक सार्वजनिक उपकर्म है जो कि केंद्र सरकार एवं कोल इंडिया के नीति एवं नियमो के अनुसार कार्य करती है एसईसीएल के प्रावधान के अनुसार उसके किसी कर्मचारी कि मृत्यु हो जाने पर उसके आश्रित को रोजगार प्रदाय किया जाता है एसईसीएल द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति प्रदाय करने के सम्बन्ध में नई एसओपी जारी की गयी है। नई एसओपी में कर्मचारियों के विधवा एवं आश्रितों के द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले शपथ पत्र में राज्य शासन के कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित कराने की बाध्यता की वजह से एक नई समस्या उत्पन्न हो गयी है। तहसील कार्यालय, जिला कार्यालय एवं राज्य शासन के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को एसईसीएल की ओर से कोई जानकारी नहीं भेजे जाने कि वजह से अधिकारियों के द्वारा अभिप्रमाणित करने से इंकार किया जा रहा है और इन समस्यों के कारण अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवश्यक दस्तावेज, प्रपत्र तैयार कराने के लिए प्राप्त करने के लिए मृतक कर्मचारी के आश्रितों को भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि ज्यादातर कर्मचारी, मजदूर अनपढ़ निरक्षर होने के कारण उनको समझने में बेवजह तकलीफ उठाना पड़ रहा है और राजस्व कार्यालय में खर्च उठानी पड़ रही है इसलिए तत्काल इस समस्या के समाधान किया जाए।

## आश्रितों के लिए बनी मुसीबत

**खास बातें**

- श्रमिक संगठन ने नियम को लेकर जताई नाराजगी
- शपथ पत्र को अभी प्रमाणित करने की बाध्यता



**भाषा से हो रही दिक्कत**

नई एसओपी के सभी प्रपत्र अंग्रेजी भाषा में होने के कारण इससे संबंधितो को समझने में भारी परेशानी हो रही है। एसईसीएल छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में फैला हुआ है और यहां के लोग हिंदी भाषी हैं और हिंदी भाषा किसी को भी आसानी से समझ में आ जाता है, किंतु अंग्रेजी भाषा मे प्रपत्र होने के कारण ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों को भी दिक्कत हो रही है।


## फरवरी माह तक 2350 करोड़ राजस्व लक्ष्य को हासिल कर चुका है विभाग

# खनिज विभाग को 3333 करोड़ का मिला था राजस्व लक्ष्य, हासिल करने 7 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिज विभाग ने 3333 करोड़ का रायल्टी राजस्व लक्ष्य जुटाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। फरवरी महीने तक विभाग ने 2350 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त कर लिया है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज कुछ दिन ही शेष हैं। खनिज विभाग बचे शेष दिनों में राजस्व लक्ष्य को हासिल करने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रही है। देखना है कि विभाग इस साल राजस्व लक्ष्य को हासिल कर पाती है कि नहीं।

खनिज विभाग को विभिन्ना खदानों से उत्पादित कोयले से सर्वाधिक रायल्टी मिलती है। इसके अलावा कुछ प्रतिशत गौड़ खनिजों की भी हिस्सेदारी होती है। जिला खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार ने बताया कि जिला खनिज विभाग को शासन ने वर्ष 2023-24 में 3333 करोड़ रायल्टी वसूली करने का लक्ष्य दिया गया था। जिसके एवज में विभाग की टीम ने लगातार खदानों में पहुंचकर रॉयल्टी वसूली का काम किया जिसका नतीजा रहा कि फरवरी महीने तक विभाग ने 2350 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य हासिल कर लिया है जो कुल राजस्व लक्ष्य का 70 फीसदी है। जबकि वर्ष 2023 में खनिज विभाग को 1807 करोड़ रुपए के एवज में 2281 करोड़ रुपए राजस्व लक्ष्य हासिल किया था। शासन को वित्तीय वर्ष 2019-2020 में जिले की कोयला खदानों से 2224.46 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था जिसके एवज में खनिज विभाग ने 2120.29 करोड़ राजस्व वसूली किया था। शासन को वित्तीय वर्ष 2020-2021 में जिले की कोयला खदानों से 2270.98 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था जिसके एवज में खनिज विभाग ने 1778.92 करोड़ राजस्व वसूली किया था। जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में खनिज विभाग को 2180 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य दिया गया था जिसके एवज में खनिज विभाग ने 1834.99 करोड़ रुपए का राजस्व वसूली किया था जो कुल 84 फीसदी ही था। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज एक सप्ताह ही शेष है। ऐसे में खनिज विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम लगातार राजस्व जुटाने के लिए जोर आजमाइश कर रही है। सूत्र बताते हैं कि इस साल 100 फीसदी तक तो नहीं लेकिन 90 फीसदी राजस्व लक्ष्य को जुटा लेगी।



फाइल फोटो

**आधा दर्जन से अधिक खदानें हो रही है संचालित**

एशिया का सबसे बड़ा खदान गेवरा खदान है। इसके अलावा दीपका, कुसमुंडा, मानिकपुर, बगदेवा, ढेलवाडीह, सरायपाली कोयला खदान शामिल हैं। जहां बड़े पैमाने पर प्रतिवर्ष कोयले का उत्पादन होता है और खनिज विभाग इन्हीं खदानों से रायल्टी की वसूली करता है। जिससे राजस्व हासिल कर खनिज विभाग जहां मालामाल हो जाता है। वहीं दूसरी ओर खनिज की रॉयल्टी का कुछ अंश खनिज न्यास मद में दिया जाता है। जिससे जिले का विकास भी होता है जिले व उसके आसपास के पड़ोसी जिलों में डीएमएफ फंड से बड़े पैमाने पर विकास कार्य हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिले के खदानों में उत्पादन भी लगातार बढ़ते ही जा रहा है। यही वजह है कि हर साल विभाग का राजस्व लक्ष्य भी बढ़ रहा है और राजस्व लक्ष्य बढ़ने के साथ-साथ खनिज विभाग व राज्य शासन भी लगातार राजस्व वसूली में तेजी हो रही है और विभाग को मोटी आमदनी भी हो रही है जिससे प्रदेश व विभिन्न जिलों का विकास कार्य भी हो रहा है।

**वर्षवार राजस्व लक्ष्य व प्राप्ति (करोड़ रुपए में)**

| वित्तीय वर्ष | राजस्व लक्ष्य | प्राप्त राजस्व | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2018-19 | 1898.35 | 2071.21 | 100.06 |
| 2019-20 | 2224.46 | 2120.29 | 95.34 |
| 2020-21 | 2270.98 | 1778.92 | 78.33 |
| 2021-22 | 2180.04 | 1834.99 | 84.17 |
| 2022-23 | 1807.00 | 2281.00 | 126 |
| 2023-24 | 3333.00 | 2350.00 | 70.50 |

नोटः 2023-24 के आंकड़े फरवरी माह तक।

# शराब दुकान में लूट करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी।

एक शराब दुकान में पिछले दिनों तीन नकाबपोश युवकों ने देर रात को पिस्तौल की नोक पर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद पुलिस की टीम एक्शन में आई थी और लूटेरों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रयास में जुटी हुई थी। आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई और पुलिस ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले पड़ोसी राज्य के युवक को धरदबोचा है जबकि मामले में अब तक दो लूटेरे फरार हैं। जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर स्थित शराब दुकान में 11 मार्च की देर रात लगभग 10 बजे नकाबपोश 3 युवक शराब दुकान शराब खरीदने के बहाने पहुंचे थे और पिस्तौल की नोक पर 1 लाख 43 हजार रुपए की लूटपाट की घटना को अंजाम देकर लुटेरे मौके से रफूचक्कर हो गए थे। लूटपाट की घटना सामने आने के बाद जिला पुलिस की टीम अलर्ट मोड पर आई थी और जिले में नाकेबंदी कर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई थी लेकिन आरोपी भागने में सफल हो गए थे। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस की विशेष दस्ते की टीम आरोपियों के धरपकड़ के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लगातार आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। इस बीच पुलिस के आला अधिकारियों को मुखबीर से सूचना मिली और पुलिस की टीम ⏭ शेष पेज 3 पर

**दंपति से नगदी उठाईगिरी को भी दिया था अंजाम**

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फतेहगंज निवासी एक दंपति 15 मार्च को उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बरपाली स्थित सहकारी बैंक पहुंचे हुए थे। जहां दंपति द्वारा 40 हजार रुपए आहरण करने के बाद वापस लौट रहे थे कि सरगबुंदिया रेलवे फाटक के पास पहुंचे थे कि इसी दौरान उठाईगिरो ने उनके गाड़ी की डिग्गी में रखे 40 हजार रुपए की उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक इस उठाईगिरी की घटना को इसी गिरोह ने अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उठाईगिरी की घटना को भी स्वीकार किया है।

# भारी वाहनों का शहर में रैला, 27 चालकों पर गिरी गाज



वाहन चालकों की जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कोरबा, बिलासपुर और अंबिकापुर की तरफ आवाजाही करने वाले भारी वाहनों के लिए बायपास का निर्माण कराया गया है और उन्हें हर हाल में इसका उपयोग करना है। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि रात्रि में भारी वाहनों का प्रवेश शहर के भीतर से हो रहा है। पुलिस ने ऐसे मामलों पर संज्ञान लिया और ताबड़तोड़ कार्यवाही की।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता और होली पर्व के मद्देनजर पुलिस एक्शन मोड पर है। ऐसे हर मामलों में कार्रवाई की जा रही है जिससे किसी भी तरह का नुकसान हो सकता है अथवा उसकी संभावना है। बताया गया कि गुरुवार को शांति समिति की बैठक पुलिस ने ली। रात्रि को चेक प्वाइंट बनाने के साथ हरकत में आई पुलिस ने भारी वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही किया। इस कड़ी में कई वाहनों की धरपकड़ की गई जो नियम तोड़ते मिले। नगर निरीक्षक धरमनारायण तिवारी ने बताया कि कुल 27 भारी वाहनों पर कार्रवाई की गई और 31 हजार 900 रुपए राशि का जुर्माना किया गया। जबकि शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़े गए एक चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत धारा 385 की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि व्यापक जनहित में इस प्रकार का अभियान लगातार चलाएंगे।

# बस व ट्रक के बीच भिड़ंत, दो घायल



बस और ट्रक में हुई भिडंत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार लापरवाही की वजह से हादसों का दौर जारी है। बीती रात को एक तेज रफ्तार बस व ट्रक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे बस व ट्रक के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि घटना का सुखद पहलू रहा कि बस में सवार यात्रियों को किसी तरह की चोट नहीं आई है। पुलिस ने इस मामले में दुर्घटनाकारित वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि हादसा बांगो थाना क्षेत्र के गुरसिया के समीप देर रात लगभग 2 बजे घटित हुई है। जानकारी के अनुसार यात्री बस बिलासपुर से यात्री लेकर अंबिकापुर के लिए रवाना हुई थी। देर रात लगभग 2 बजे बस बांगो थाना क्षेत्र के गुरसिया अजय किराना स्टोर के समीप पहुंची थी कि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से आमने-सामने ⏭ शेष पेज 3 पर

**सड़क हादसे में हेल्पर की मौत, तीन घायल**



नेशनल हाईवे 130 बिलासपुर कटघोरा मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो गया। बिलासपुर से अंबिकापुर जा रही पॉपुलर बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई। हादसे में बस हेल्फर धनेश्वर कंवर पिता स्व सहेत्र कंवर 35 वर्ष की मौत हो गई। बस में सवार तीन यात्रियों को मामुली चोटें आई है, बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उक्त घटना पाली थाना के माखनपुर की है। स्थानीय लोगों व डायल 112 की मदद से बस में सवार सभी यात्री को बाहर निकाला गया। घायल यात्रियों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है।

## राखड़ का उपयोग बढ़ने पर पर्यावरण संरक्षण में सहायक बनेगा प्लांट

# एनटीपीसी 22 करोड़ की लागत से फ्लाई एश से बनाएगा बिल्डिंग मटैरियल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा 22 करोड़ की लागत से फ्लाई एश आधारित एग्रीगेट प्लांट बनाने जा रही है। इस प्लांट से बिल्डिंग मैटेरियल तैयार किया जाएगा। एनटीपीसी कोरबा का यह पहला प्लांट होगा, जहां फ्लाई एश से बिल्डिंग मैटेरियल बनायी जाएगी। यह प्लांट पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक बनेगी। साथ ही इस प्लांट के निर्माण से राखड़ का उपयोग भी बढ़ेगा।

यह प्लांट पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक बनेगी, क्योंकि इस प्लांट के निर्माण से राखड़ का उपयोग बढ़ेगा। एनटीपीसी कंपनी इस प्रोजेक्ट से फ्लाई एश को मूल्य वर्धित बिल्डिंग मटेरियल-मोटे में परिवर्तित करने का प्रदर्शन करेगी। इससे नए रोजगार भी विकसित होंगे। यह परियोजना सामुदायिक विकास व पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। राखड़ का उपयोग सीमेंट, ईंट में किया जाएगा। साथ ही यह प्लांट बिल्डिंग मटेरियल बनाने में उपयोगी होगा; इसके लिए प्लांट से उत्सर्जित राखड़ का उपयोग किया जाएगा। दरअसल थर्मल पॉवर प्लांटो के सामने संयंत्रों से उत्सर्जित राख का निष्पादन बड़ी चुनौती है। इनसे बिजली उत्पादन के दौरान होने वाले प्रदूषण को कम करने केन्द्र सरकार ने गंभीरता दिखाई है और सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी की इकाई से बिजली उत्पादन करने एनटीपीसी कोरबा प्लांट परिसर में नई चिमनियां खड़ी कर रही है। इसका निर्माण जारी है, ताकि वर्तमान में चिमनी से निकलने वाले हानिकारक धुएं से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार प्लांट की 200 मेगावाट की इकाइयां बंद करने की स्थिति आती, लेकिन समय पर इन इकाइयों के नवीनीकरण से आगे भी बिजली उत्पादन में लिया जा सकेगा।



फाइल फोटो

**तीन इकाईयां प्रचालन पर**


40 साल पहले शुरू हुआ था और तीन साल बाद प्लांट विस्तार के दूसरे चरण में 500 मेगावाट की तीन इकाईयां शुरू हुई। इसके बाद तीसरे चरण में 500 मेगावाट की एक इकाई स्थापित है। इस तरह प्लांट की बिजली उत्पादन की कुल क्षमता 2600 मेगावाट है। अब प्लांट के उत्सर्जित राखड़ के उचित निपटान के लिए मूल्य वर्धित बिल्डिंग मटेरियल-मोट में परिविर्तित किया जाएगा। 22 करोड़ रुपए का निवेश कर एग्रीगेट प्लांट का निर्माण किया जाएगा।

### भू-गर्भ शास्त्र विभाग ने मनाया विश्व जल दिवस

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के भूगर्भ-शास्त्र विभाग में विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश पांडे तथा विभाग अध्यक्ष डॉ.केके दुबे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अखिलेश पांडे ने जल के संरक्षण तथा संवर्धन के विषय में विस्तार से बताया। डॉ.के के दुबे ने जल का मानव जीवन पर महत्व के विषय में उद्बोधन दिया। भूगर्भशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक आदित्य सिंह बघेल ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जल संरक्षण तथा संवर्धन की वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक लेख नारायण साहू ने छात्रों को शैलों की जलभृत संरचनाओं तथा भूजल के पुनर्भरण की विधियों के बारे में समझाया।

23 korba- bhoomi pg2_Layout 1 3/23/2024 11:35 PM Page 1





# रणवीर सिंह की फिल्म पर आया बड़ा अपडेट

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और अभिनेता फरहान अख्तर ने जब से यह ऐलान किया है कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डॉन 3' में मुख्य अभिनेता का किरदार रणवीर सिंह निभाएंगे, तब से फैंस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। डॉन फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग में रणवीर सिंह बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की जगह लेंगे और डॉन की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शूटिंग शेड्यूल ट्रैक पर है और यह अगले साल यानी 2025 में फ्लोर पर जाएगी। प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है।

लाइफ Style

# सई मांजरेकर

## सलमान के साथ सुरक्षित महसूस करती हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सई मांजरेकर अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर की लाडली बेटी हैं। सई ने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' से की थी। हाल ही में अभिनेत्री फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' में नजर आईं। दर्शकों को इस फिल्म में सई की एक्टिंग काफी पसंद आई है।

पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान सई अपनी आने वाली फिल्मों के अलावा सलमान खान के साथ अपने रिश्ते पर भी खुलकर बातें करती नजर आईं। सई मांजरेकर अपनी मेहनत के दम पर धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो रही हैं। हाल ही में गुरु रंधावा के साथ उनकी फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' रिलीज हुई थी। सई अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, 'किसी भी नए कलाकार के लिए सलमान खान के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है।'

सई अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'मैंने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ की थी। उस फिल्म की शूटिंग के दौरान जिस तरह से उन्होंने मेरा ख्याल रखा, वह मेरे लिए बेहद खास था। मैं उनके साथ एक अलग सा बांड महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर अपनी कोई भी फिल्म साइन करने से पहले सलमान खान से सलाह जरूर लेती हैं। वे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि वे मुझे कभी गलत सलाह नहीं देंगे। उनके साथ मैं सुरक्षित महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर आने वाले दिनों में अजय देवगन के साथ फिल्म 'औरों में कहां दम था' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा सई मांजरेकर साउथ की फिल्मों में भी दिखाई देंगी।



हॉलीवुड मसाला



# तीन बार करवाई ब्रेस्ट सर्जरी

**लॉस एंजिलिस।** अक्सर देखा जाता है कि फिल्मों में खूबसूरत दिखने के लिए सेलेब्स प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेते हैं। आज के समय में अपने शरीर के किसी भी अंग की प्लास्टिक सर्जरी कराना बहुत आसान हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा देश और विदेशी एक्ट्रेसेज शामिल हैं। आए दिन किसी न किसी एक्ट्रेस की सर्जरी की खबर सामने आती है। इन दिनों हॉलीवुड एक्ट्रेस मेगन फॉक्स अपनी सर्जरी को लेकर चर्चा में है। मेगन फॉक्स ने अपनी कुछ प्लास्टिक सर्जरी की पुष्टि की है बाकी का खंडन भी किया है।



# रिबेल मून 2 का एक्शन से भरपूर ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** जैक स्नायडर की स्पेस एंडवेंचर फिल्म रिबेल मून का दूसरा भाग अगले महीने रिलीज हो रही है। फिलहाल इसका ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें एक्शन और रोमांच की तगड़ी डोज देखने को मिल रही है। रिबेल मून का पहला भाग पिछले साल 22 दिसम्बर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सोफिया बुटेला रिबेल मून में लीड रोल निभाती हैं। रिबेल मून- पार्ट वनः अ चाइल्ड ऑफ फायर में सोफिया का किरदार कोरा का है, जो अंतरिक्ष के एक शांत ग्रह पर गांव के लोगों के बीच रहती है। अच्छी फाइटर कोरा बागी मिजाज की है। कोरा ब्रह्मांड में मदरवर्ल्ड के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंकती है और ब्रह्मांड के सबसे बड़े योद्धाओं को अपनी लड़ाई के लिए जमा करती है। पहले भाग में दिखाया गया था कि कोरा योद्धाओं को लेकर गांव पहुंचती है। दूसरे भाग द स्कारगिवर में कहानी आगे बढ़ेगी।



# जैकलीन ने सुकेश को दिया बर्थडे गिफ्ट!

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज तब से सुर्खियों में हैं जब उनका नाम सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल हुआ है। अभिनेत्री का नाम ठग सुकेश से आज भी जोड़ा जाता है। सुकेश पिछले कुछ समय से जेल में है। जेल में रहने के बावजूद वह कई मौकों पर अभिनेत्री को प्रेम पत्र भेजता रहता है। अपने जन्मदिन से पहले, उसने एक बार फिर जैकलीन के नाम अपना पैगाम भेजा है। सुकेश चन्द्रशेखर ने पत्र की शुरुआत यह लिखकर की, "बेबी, 25 मार्च को मेरे जन्मदिन के गिफ्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन मैं इसे अपना छोटा जन्मदिन का उपहार कहूंगा। बेबी, यह मेरे जीवन में अब तक मिला सबसे अच्छा उपहार है। मैं जिस उपहार की बात कर रहा हूं, वह आपका नया रिलीज हुआ गाना यम्मी यम्मी है।



# अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी की उड़ी अफवाह

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होने लगीं जिनमें दावा किया गया कि एक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, इसके पीछे की हकीकत अलग है। अल्लू अर्जुन पूरे देश के दिलों की धड़कन हैं। अर्जुन इंडस्ट्री के सबसे बड़े एक्टर्स में से एक हैं और फिलहाल वो अपनी एक्शन सीक्वल फिल्म 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर हमेशा सुर्खियों में रहते हैं और इस बार जब उन्हें आरटीओ ऑफिस में देखा गया तो उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जैसे ही एक्टर की फोटो ऑनलाइन वायरल हुई, इसने इंटरनेट पर तूफान मचा दिया और फैंस तरह-तरह की अटकलें लगाने लगे। फैंस ने अनुमान लगाया कि अल्लू अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अल्लू को हैदराबाद में आरटीओ ऑफिस में देखा गया।

टीवी मसाला



# सलमान खान के शो में एंट्री लेगी वायरल गर्ल जसमीन

**मुंबई।** टीवी पर 17 साल राज करने के बाद ओटीटी पर रियलिटी शो बिग बॉस ने अपनी मुकाम बना लिया है। दो सीजन की अपार सफलता के बाद जल्द ही सलमान खान का बिग बॉस ओटीटी 3 भी आने वाला है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 3 के कंटेस्टेंट की लिस्ट में जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ वायरल सोशल मीडिया ट्रेंड से रातों-रात स्टार बनने वालीं जसमीन कौर का नाम शामिल हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ये बताया जा रहा है कि जसमीन कौर बिग बॉस ओटीटी सीजन में नजर आ सकती है। बीते साल जसमीन का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कुछ ड्रेसेस को जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ बताती नजर आईं। लेकिन जिस स्टाइल से उन्होंने इसे कहा वो देखते ही देखते इंटरनेट पर जमकर वायरल हो गया है। बी टाउन एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जैसे तमाम सेलेब्स ने भी जसमीन की स्टाइल को कॉपी करते हुए इस ट्रेंड पर वीडियो बनाए, जिनकी खूब चर्चा हुई। बता दें कि जसमीन कौर दिल्ली की एक फेमस क्लोथिंग डिस्ट्रीब्यूटर हैं और इंस्टाग्राम हैंडल पर करीब 1.3 मिलियन फॉलोअर्स भी हैं।


# अंकिता का पैपराजी पर फूटा गुस्सा



**मुंबई।** बिग बॉस 17 के बाद अब अंकिता लोखंडे बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए दिखेंगी। हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता रणदीप हुड्डा संग उनकी लेटेस्ट फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर आज से सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। बीते रात अंकिता की इस फिल्म का प्रीमियर रखा गया है, जिसमें सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट्स अभिषेक कुमार, खानजादी और आयशा खान जैसे कई और सदस्य शामिल हुए। इस बीच पैपराजी की भारी भीड़ के चलते हुई दिक्कत की वजह से अंकिता लोखंडे गुस्से में आ गई और उन पर आग बबूला हो गईं। दरअसल गुरुवार को अंकिता लोखंडे की बहुचर्चित फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की एक स्पेशल स्क्रीनिंग मुंबई में रखी गई। इस दौरान अंकिता के पति विक्की जैन, फैमिली के सदस्य और बिग बॉस 17 के तमाम मेंबर्स एक साथ नजर आए।


# कार्तिक की झोली में एक और मेगा बजट फिल्म

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स में से एक है। अपने करियर ने कार्तिक ने कई शानदार फिल्में दी और आने वाले दिनों में भी कार्तिक कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कार्तिक ने एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, थ्रिलर समेत लगभग हर शैली के फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस बीच 'भूल भुलैया 2' की सफलता ने कार्तिक की झोली कई फिल्में डाल दी, जिसमें अब एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक कार्तिक एक बार फिर एक्शन करते नजर आने वाले है। चर्चा है कि कार्तिक साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो साजिद नाडियाडवाला कार्तिक के साथ एक मेगा बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म की योजना बना रहे हैं, जिसे विशाल भारद्वाज निर्देशित करेंगे, फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम हो रहा है। चर्चा ये भी है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है, जिसकी शूटिंग इसी साल शुरू होने वाली है। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म को साल 2025 में रिलीज करने की योजना बना रहा है। फिल्म में एक्शन थ्रिलर के साथ-साथ दर्शकों को कॉमेडी और ड्रामा भी देखने को मिलेगा।



# जान्हवी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं राम चरण

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने तेलुगु डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह जल्द ही जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' से अपना साउथ डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही वह फिल्म 'आरसी 16' से भी साउथ सिनेमा में अपने अभिनय का जलवा बिखरेंगी। इसमें वह राम चरण के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। जान्हवी के साथ काम करने को लेकर अभिनेता ने उत्साह व्यक्त किया है। राम चरण 'आरसी 16' में जान्हवी कपूर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा कीं। राम ने अभिनेत्री और उनके पिता, निर्माता बोनी कपूर के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह अपने घर पर उनकी मेजबानी करते दिखाई दिए। उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'आरसी 16 का इंतजार कर रहा हूं।' 6 मार्च को जान्हवी कपूर के जन्मदिन पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा हुई थी।






## शुक्रवार को देशभर में रिलीज हुई फिल्म पर आया दर्शकों का रूझान

# स्वातंत्र्य वीर... हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की हकीकत

रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में शामिल विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित यह फिल्म उनकी सशस्त्र क्रांति की नीतियों का खुलासा करती है।




**मुंबई।** वीर सावरकर का किरदार फिल्म में रणदीप हुड्डा ने अदा किया है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका अदा करने के साथ-साथ रणदीप ने फिल्म का निर्देशन भी किया है। अब जब फिल्म रिलीज हो गई है तो सोशल मीडिया पर इसे कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म के लिए रणदीप हुड्डा ने जीतोड़ मेहनत की है। उन्होंने ढेरों किताबें पढ़कर न सिर्फ गहन अध्ययन किया है, बल्कि वीर सावरकर के किरदार को पर्दे पर दिखाने के लिए गजब का ट्रांसफॉर्मेशन भी किया है। अभिनेता ने करीब 26 किलो वजन घटाया है। अब जब फिल्म पर्दे पर आ गई है तो दर्शकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

### दो नेशलन अवार्ड

सोशल मीडिया पर नेटिजन्स अभिनेता और फिल्म दोनों की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ यूजर्स फिल्म को 'थ्रिलिंग मास्टरपीस' कह रहे हैं। कुछ फैंस ने तो अभिनेता को इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड दिए जाने की बात तक कह डाली है।

### अंकिता को भी तारीफ

रणदीप हुड्डा के साथ-साथ अंकिता लोखंडे के अभिनय की भी दर्शक दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री ने 'स्वतांत्र्य वीर सावरकर' में यमुनाबाई सावरकर का किरदार निभाया है। फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखकर लौट रहे दर्शक फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### रणदी का जादू

रणदीप हुड्डा ने हमेशा की तरह इस फिल्म में भी अपने अभिनय का जादू चलाया है। दर्शक फिल्म की तारीफ तो कर ही रहे हैं, साथ ही दूसरों को भी इसे जरूरत देखने की सलाह दे रहे हैं। खासकर युवाओं को यह फिल्म देखने का सुझाव अधिकांश दर्शक देते नजर आए हैं।

## खबर संक्षेप

### केंद्रों पर दो हजार क्विंटल धान जाम, उठाव नहीं

**कोरबा।** धान की खरीदी खत्म हुए लगभग डेढ़ माह पूरा होने को है, लेकिन उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो सका है। अभी भी दो हजार क्विंटल से अधिक धान अलग-अल केंद्रों पर जाम हैं। इससे सहकारी समितियां परेशान हैं। समितियों ने धान उठाने के लिए उप पंजीयक से मदद मांगी है। जिन केंद्रों में धान की बोरियों अभी भी पड़ी हुई है। उसमें कुदमुरा, पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड़ का पोड़ी, नवापारा, चनवारी नवापारा, रामपुर बोईदा और बेहरचुआं शामिल है। इन समितियों में 180 क्विंटल से लेकर 480 क्विंटल तक धान पड़ा हुआ है। बार- बार मौसम के रंग बदलने और समय पर धान का उठाव नहीं होने से सहकारी समितियां परेशान हैं। उन्हें धान के खराब होने की चिंता सता रही है। समितियों का कहना है कि समय पर धान का उठाव नहीं हुआ तो इससे नुकसान होगा और प्रशासन इसकी भरपाई समितियों से ही करेगा। इस स्थिति में समितियों की आर्थिक स्थिति खराब होगी। परेशानी बढ़ेगी। सहकारी समितियों ने उप पंजीयन सहकारिता और विपणन विभाग से धान की बोरियां जल्द उठाने की मांग की है। 110 राइस मिलर्स कोरबा के बजाए दूसरे जिले से उठा रहे धान धान की मिलिंग के लिए कोरबा जिले के 110 मिलर्स ने प्रशासन के साथ अनुबंध किया है। धान खरीदी चार फरवरी को खत्म हो गई है। इसके पखवाड़े भर के भीतर धान का उठाव करना था।

### सहायक अभियंता के पद पर आकांक्षा का चयन

**चांपा।** छग इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम 2021 के फाइनल रिजल्ट जारी किये गये हैं। इस परीक्षा में टाप 10 में आकांक्षा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।



आकांक्षा का चयन जल संसाधन विभाग मे सहायक अभियंता (सिविल) में हुआ है। आकांक्षा शुरु से ही मेधावी छात्रा रही है। हाइस्कूल में हसदेव पब्लिक स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया था व वर्तमान में एन आई टी रायपुर एमः टेक. सिविल इंजीनियर के लिये भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। आकांक्षा साहू कृष्ण कांत साहू व श्रीमती रेखा साहू की सुपुत्री है। आकांक्षा ने बताया कि सफलता पाने के लिये सच्ची लगन और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है सभी का सकारात्मक सहयोग हो तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष दो कांग्रेसी नेता हुए भाजपा में शामिल

**बाराद्वार।** विगत दिनों भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव सिंह एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने सक्ती पहुंचे थे। इस दौरान नगर के भाजपा के युवा नेता अरुण शर्मा के साथ कांग्रेस के युवा नेता दीपक राय एवं कांग्रेस के पार्षद अजय सिंह राजपूत ने उनके समक्ष भाजपा प्रवेश किया। कांग्रेस के उन दोनों नेताओं को भगवा रंग का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया गया। वहीं भाजपा के युवा नेता अरुण शर्मा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं आप चौधरी ने अपने साथ हेलीकॉप्टर बैठाकर रायपुर ले गए।

### बहेराडीह में नवधा व मानस गायन प्रतियोगिता 27 से

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह में बुधवार 27 मार्च से अखंड नवधा रामायण और मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिंदी गायन समेत छत्तीसगढ़ी गायन और भजन गायन तीन अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक प्रतियोगिता में पहला पुरुस्कार 2501 रुपये और शील्ड प्रदान किया जाएगा। दूसरा पुरुस्कार 1501 रुपये, तीसरा 1001 रुपये, चौथा 701 रुपये और पांचवा पुरस्कार राशि 501 रुपये के साथ शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार 5 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से शुरू किया जाएगा। शनिवार 6 अप्रैल को हवन, सहस्त्रधारा, चढ़ोत्तरी व ब्राह्मण भोजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## पहुंच मार्ग को बंद करने की योजना-ऊर्जाधानी संगठन ने किया विरोध

# गेवरा-पेंड्रा रेल पथ कृष्णानगर वासियों के लिए बना मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गेवरा-पेंड्रा रेल पथ का प्रदर्शन करते हुए।

गेवरा-पेंड्रा रेल कारीडोर पथ निर्माण एजेंसी इरकान द्वारा निर्माण कराया जा रहा है और विगत दिवस निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कृष्णा नगर को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क को बंद करने की योजना पर लोंगो से बातचीत किया है जिससे यहां के रहवासियों की भविष्य की समस्या को लेकर चिंता बढ़ गयी है।

गेवरा से पेंड्रा तक रेल कारीडोर निर्माण राज्य शासन, एसईसीएल और रेलवे के सयुंक्त हिस्सेदारी से कराया जा रहा जिसके लिए इरकान कंपनी को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। रेल कॉरिडोर से गेवरा व दीपका खदान को जोड़ने के लिए दीपका अंतर्गत कृष्णानगर के 42 मकान और स्थित भूमि का अर्जन किया गया है जिसका मुआवजा भुगतान किया जा चुका है और अर्जित क्षेत्र में बने मकान को ध्वस्त कर रेल पथ का निर्माण जारी है, किंतु निर्माण एजेंसी के कार्य मे लगे अधिकारी व कर्मचारियों की मनमानी से लोंगो बेवजह परेशानी उठाना पड़ रहा है। पूरे रेल लाइन के कारण विभिन्न ग्रामो के किसानों की खेती नही कर पा रहे हैं और बरसात का पानी खेतों जाम हो जाने की शिकायत मिलती रहती है। कृष्णा नगर के 16 लोंगो की मकानों व परिसम्पतियों का मुआवजा भुगतान नही होने से 1 साल तक ऊर्जाधानी सन्गठन के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा लगातार आंदोलन चलाया गया था और आखिरकार क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया था।

इसी तरह से निर्माण कार्य मे लगे ठेकेदार द्वारा एक व्यक्ति की निजी हक की भूमि पर मिट्टी पाट दिया गया था भारी विरोध के बाद पुनः सीमांकन कर मलबा हटाया गया था। अब रेल कॉरिडोर निर्माण के तीनों इकाइयों के अधिकारियों ने कृष्णा नगर को जोड़ने वाली सड़क को ही बंद करने की योजना बनाई है जिससे यहां के लोंगो की चिंता बढ़ गयी है। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने बताया हैं कि गेवरा पेंड्रा रेल कॉरिडोर से दीपका एवं गेवरा रेल लाइन को जोड़ने के लिए दो रेल लाइन बिछाई जा रही है जबकि एक रेल लाइन पहले से दीपका गेवरा लाइन मौजूद है जिसके कारण कृष्णा नगर चारों दिशाओं से घिर जाएगी और भविष्य में यहां के लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। जिसके कारण कृष्णा नगर के बहुतायत लोंगो की ओर से शेष बचे मकान व भूमि का पूर्ण अर्जन करने की मांग भी उठायी जाती रही है। इस सबन्ध में प्रशासन व सबंधित अधिकारियों को उचित पहल करना चाहिए जिससे लोंगो को होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। उन्होंने कहा है कि यदि कृष्णा नगर को जोड़ने वाली सड़क को काटा जाता है तो उनका सन्गठन विरोध कार्यवाही करेगी।

## जितनी मेहनत धान उगाने में उससे ज्यादा बैंक से पैसे निकालने में



सहकारी बैंक में किसानों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सहकारी बैंक के खातेदार किसान अपने ही पैसे निकालने के लिए सुबह से शाम तक लंबी लाइन में लग रहे हैं। कुछ किसान तो ऐसे भी हैं, 70 किलोमीटर दूर से आकर बैंक से पैसे निकालने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जितनी मेहनत से उन्होंने खून पसीने से सींचकर अपना धान उगाया, उससे ज्यादा पसीना अब वह समर्थन मूल्य के पैसे बैंक से निकालने के लिए बहा रहे हैं। सहकारी बैंक की कोरबा शाखा में 11 समितियों के लगभग 19 हजार खाते हैं, लेकिन इनकी सुविधा के लिए एक एटीएम भी चालू नहीं किया जा सका है। इन खातेदारों को सुविधा उपलब्ध कराने में प्रबंधन पीछे है। इस कारण हो रही अव्यवस्था से खातेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की ओर से बेची गई धान की राशि सहकारी बैंक में ही ट्रांसफर की जा रही है लिहाजा किसानों को इसी बैंक से पैसे निकालने की मजबूरी है। बड़ी संख्या में किसान बैंक पहुंचने पर शाखा के बाहर लंबी कतार लग रही है। किसान जूता, चप्पल, झोला और पत्थर तक रखकर खुद को कतार में बनाए रखते हैं। कई ऐसे किसान हैं, जो सहकारी बैंक के कोरबा शाखा में लेनदेन के लिए लगभग 70 से 80 किलोमीटर दूर से भी पहुचंते हैं। सरकार ने धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया, लेकिन जरूरत के समय किसानों के हाथ में यह पैसे उपलब्ध हो जाएं। इसकी व्यवस्था अब तक नहीं की है। जिससे किसान अपने ही पैसे बैंक से निकालने के लिए बेहद परेशान है।

## कोयला खदानों के आसपास नहीं किया गया ग्रीन बेल्ट डेवलप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





पर्यावरण प्रदूषण से जूझते कोरबा में उद्योगों की जवाबदेही शून्य है न तो पावर प्लांट इसका पालन करते हैं और न ही कोयला खदान। जितने पेड़ों की बलि कोयला खदान के लिए ली जाती है उसके आधे पेड़ भी कोई कंपनी नहीं लगा रही है। कोयला खदानों के चारों ओर ग्रीन बेल्ट डेवलप करने की शर्त पर पर्यावरणीय स्वीकृति मिलती है, लेकिन कोई भी माइंस ऐसी नहीं है। जिसमें खदान के चारों ओर ग्रीन बेल्ट डेवलप किया हो।

जिले में एसईसीएल की गेवरा, दीपका, कोरबा, कुसमुंडा परियोजना संचालित हैं। इसके अलावा एनटीपीसी, सीएसपीजीसीएल, बालको, लैंको सहित अन्य निजी विद्युत संयंत्र संचालित है। एसईसीएल के तीनों परियोजनाओं में लगभग दर्जन भर से अधिक भूमिगत व खुली खदाने संचालित है। इन खदानों को पर्यावरणीय स्वीकृति इस शर्त पर दी जाती है कि वे अपने माइंस के चारों ओर ग्रीन बेल्ट डेवलप करेंगे। एक भी कंपनी ऐसी नहीं है जिसने कोयला खदान के चारों ओर पौधरोपण किया है। यही वजह है कि पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। कोयला खदान मिलने के बाद उत्पादन के साथ ग्रीन बेल्ट डेवलप करने का काम भी शुरू किया जाना था। जो पेड़ बचे भी हैं तो वे आखिरी सांसें गिन रहे हैं। सडक़ें नहीं होने के कारण कोल डस्ट बहुत ज्यादा है।

### हजारों हेक्टेयर जंगल काटने के बाद भरपाई नहीं

कोयला खदानों को अनुमति देने के साथ ही कोयला खदानों के समीप पेड़ों का सफाया कर दिया गया। इसके बाद खदान क्षेत्र के चारों ओर पौधपण किया जाना था, जो जंगल खत्म हो गए, उसकी भरपाई नहीं हो सकी है। हैरानी की बात यह है कि पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तो के आधार पर कोयला खदानों की समीक्षा नहीं की जाती है। जिस तरह प्लांटों में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत जांच होती है, वैसी जांच खदानों में नहीं होती।

### पीजी कालेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कोरबा एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार शासकीय इंवि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्रीमती साधना खरे के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय इंवि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को स्वीप पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एम एस सी केमिस्ट्री की छात्रा मौसमी सोम ने प्रथम स्थान, एमएससी जूलॉजी की छात्रा विमलेश ने द्वितीय स्थान एवं एम एस सी जूलॉजी की गुलशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालयीन स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राध्यापक बलराम कुर्रे ने पोस्टर मेकिंग हेतु दिशा निर्देश देते हुये कहा कि जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, जो युवा मतदाता है वे निश्चित रूप स्वयं मतदान करें एवं विभिन्न माध्यमों से परिवार एवं समाज के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक कर निर्वाचन आयोग के लक्ष्य को सफल बनावें तथा अपना एवं देश की विकास में भागीदार बनें। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में लोकेश्वरी अतिथि सहा. प्राध्यापक, लक्ष्मी पटेल स्ववित्तीय सहा. प्राध्यापक, शिवांगी मिश्रा अतिथि सहा. प्राध्यापक ने भूमिका निभाई।

## आध्यात्मिक केंद्रों से ही संभव तनाव से निजात पानाः सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट करती रुकमणी दीदी।

माउंट आबू जाने का अवसर मुझे भी मिला था वहां जाने से असीम आनंद की अनुभूति होती है। चुनाव होने के पश्चात फिर एक बार वहां जाने की इच्छा जाहिर की। बताया कि अभी भारतवर्ष में आध्यात्मिक केंद्रों का विकास बड़ी तेजी से हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री भी आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े हुए हैं हर जगह आगे बढ़ाने की होड़ में तनाव ही तनाव है जिससे बीमारियां बढ़ रही है और इससे निजात पाना है जोकि आध्यात्मिक केंद्रों से ही संभव है। माउंट आबू जैसा ही यहां भी भव्य व सुंदर भवनों का निर्माण हो ऐसा उन्होंने विश्वास दिलाया है।

उक्त बातें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कोरबा लोकसभा प्रत्याक्षी डॉ सरोज पांडेय ने प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के टीपी नगर सेवा केंद्र में आयोजित विशेष स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान अनुभव साझा करते हुए कही। इस दौरान नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद ने कहा कि नगर निगम में पूरा सफाई का ध्यान रखा जाता है, इस प्रकार यहां भी मन के अंदर कैसे गंदगी दूर हो सबके प्रति उदार भाव हो ऐसी भावना यहां पल्लवित होती है। इस विद्यालय में निस्वार्थ सेवाभाव के लिए दीदियों का आभार व्यक्त किया। बीके रुक्मणी दीदी ने कहा कि हम नारियों को विश्व कल्याण के कार्य के निमित्त परमात्मा ने बनाया है। हमें जिम्मेदारियां दी है एक और एक मिल जाए तो ग्यारह बन जाते हैं अभी हम यहां एक थे आप सब को परमपिता परमात्मा शिव ने भेज दिया तो हम ग्यारह बन गए। तो कोरबा क्या सारे विश्व को मिलजुल करके जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्वपन था। कि यह धरती रामराज बन जाए तो हम सब मिलकर उनके स्वपन को साकार करेंगे। कार्यक्रम में मंच का संचालन बीके बिंदु दीदी ने किया। अंत में डॉक्टर केसी देवनाथ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वही बीके बहनों ने मंचस्थ अतिथियों को ईश्वरी उपहार भेंट किया। इस अवसर पर कमल कर्माकर रश्मि शर्मा, लवली गांधी, एस मूर्ति सहित संस्था से जुड़े भाई बहनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। स्नेल मिलन सम्मेलन में सेवा केंद्र प्रभारी बीके रुक्मणी, सरिता मिश्रा, बीके बिंदु सहित अन्य उपस्थित रहें।

## होली की मिठास में न घुले मिलावट की भंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



होली आ गई है इसकी झलक दुकानों, होटलों और स्वीट्स से उड़ती पकवानों की खुशबू से महसूस की जा सकती है, पर लजीज नजर आते खूबसूरत जायके के पीछे होली की मिठास में कहीं मिलावट की भंग न पड़ जाए, यह देख लेना भी जरूरी है। यही जरूरत समझते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पिछले 22 दिनों से ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई कर रही है।

शहर से लेकर उपनगरीय क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में भी दबिश दी गई। डेयरी, स्वीट्स और खाद्य प्रतिष्ठानों से तेल, खोवा, कलाकंद, रसगुल्ला, बर्फी समेत अनेक प्रकार का मीठा और अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार होली त्यौहार को देखते हुए मार्च महीने के शुरुवात से ही कोरबा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण और सैंपलिंग की गई। जिसमें एक मार्च को प्रकाश जनरल स्टोर इंडस्ट्रीयल एरिया कोरबा से अरहर दाल और सरसों, 5 मार्च को मोक्ष रेस्टोरेंट राताखर बायपास रोड से पनीर और मैदा, 7 मार्च को पाली लाफा शंकर किराना से सोयाबीन तेल, 11 मार्च को बालको आशीर्वाद ट्रेडर्स से सरसों तेल और मल्टीसोर्स ईडिबल आयल, 12 मार्च को सीतामढ़ी बालाजी ट्रेडर्स से सोयाबीन तेल, 15 मार्च को कटघोरा गृहस्थी सुपर मार्केट से गिफ्ट गुलाब जामुन और सरसों तेल, 15 मार्च को एपी सुपर मार्केट से सोया चंस, 18 मार्च को दादरखुर्द गामिनी जनरल स्टोर से सूजी और बेसन, 18 मार्च को दर्री रोड बंसल एजेंसिस से रसगुल्ला और गुलाब जामुन, 19 मार्च को दीपका लक्ष्मी जनरल से घी, 21 मार्च को नैचुरल स्वीट्स टीपी नगर से बेसन लड्डू, 22 मार्च को बांकी मोगरा बीकानेर स्वीट्स से कलाकंद, कटघोरा इंजीनियर रबड़ी वाला से खोवा, कोरबा विजयश्री होटल से खोवा बर्फी का सैंपल लिया गया और जांच के लिए भेजा गया।

## रोजगार सहायक को बर्खास्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड अंतर्गत कोरबी सिंधिया ग्राम के रोजगार सहायक को बर्खास्त करने की मांग एसडीएम से ग्रामीणों ने की है। उपाध्यक्ष चतुरभुवन नायक मंडल पोड़ी उपरोड़ा की अगुवाई में सरपंच पुनीता कंवर समेत ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई।

ग्रामीणों ने पूर्व में जनपद सीईओ से रोजगार सहायक मुकेश कुर्रे के विरुद्ध शिकायत की थी, तब सीईजी ने उसे कोरबी सिंधिया से हटाकर अन्य ग्राम अटैच कर दिया था और रोजगार सहायक द्वारा किए गए कार्य को लेकर जांच टीम गठित की गई थी। ग्रामीणों का आरोप हैं जांच करने गए अधिकारियों को रोजगार सहायक मुकेश कुर्रे ने जांच करने नहीं दिया। इन्हीं सब मामले को लेकर उपाध्यक्ष की अगुवाई में सरपंच समेत ग्रामीण एसडीम के पास शिकायत दर्ज कराने आए और रोजगार सहायक की नौकरी से बर्खास्त करने की मांग किए। दरअसल अधिकतर पंचायतों में इन दिनों रोजगार सहायक के कार्यप्रणाली को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। पूर्व में पंचायत कार्य में गड़बड़ी, कई फर्जी हाजिरी भरने व ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने, पीएम आवास व शौचालय को जिओ टैग करने के लिए पैसे की मांग, मिडिल स्कुल के सफाई कर्मचारी रामेस्वरी मरकाम व कौरबी सिंधिया के आश्रित ग्राम के प्राथमिक शालो में कार्यरत सफाई कर्मचारी लता सरोठिया का फर्जी हाजरी भी रोजगार सहायक द्वारा भरे जाने की शिकायत कि गई थी।

इस पर सीईओ ने कार्रवाई करते हुए जांच टीम गठित की थी, लेकिन जांच टीम को उक्त विषयों पर जांच करने नहीं दी गई। इस अवसर पर गांव की बसंती बाई, नेहा कंवर, चरण दास, नौबत सिंह, लक्ष्मण सिंह नायक, बजरंग यादव व अशोक मरकाम समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पॉवर कंपनी में अंतर क्षेत्रीय शक्तित्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता

# विजय बेस्ट बॉडी बिल्डर, वासनिक बने बेस्ट पॉवर लिफ्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में आयोजित दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में रायपुर और दुर्ग क्षेत्रों ने टीम स्पर्धा का खिताब अपने-अपने नाम करने में सफलता हासिल की। दूसरी ओर रायपुर सेन्ट्रल के विजय बहादुर बेस्ट बॉडी बिल्डर तथा दुर्ग के राज वासनिक को बेस्ट पॉवर लिफ्टर के खिताब से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन शक्तित्तोलन तथा शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (संचारण एवं संधारण) भीम सिंह कंवर, क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद रायपुर रीजन के अध्यक्ष जे एस नेताम तथा कार्यपालक निदेशक एवं रायपुर सेन्ट्रल के अध्यक्ष के एस मनोठिया ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

समापन अवसर पर पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग में उपलब्धिपूर्ण सेवा के लिए कंपनी के वरिष्ठ खिलाड़ी लखपति सिंदुर को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद के सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि 21 और 22 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता के शक्तित्तोलन (पॉवर लिफ्टिंग) में सात वर्गों में विजेता घोषित किए गए। 59 किलोग्राम वर्ग में कोरबा पश्चिम के आर के पाटकर, 66 किलोग्राम वर्ग में मड़वा क्षेत्र के बलराम वस्त्रकार, 74 किलोग्राम वर्ग में रायपुर रीजन के तीजूराम नेताम, 83 किलोग्राम वर्ग में दुर्ग के राकेश नायक, 93 किलोग्राम वर्ग में कोरबा पश्चिम के संजय कुमार राठौर, 105 किलोग्राम वर्ग में दुर्ग के राज वासनिक तथा 120 किलोग्राम वर्ग में रायपुर रीजन के महेन्द्र साहू विजेता रहे। श्री चंद्राकर ने बताया कि शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता में चार वर्गों में विजेता घोषित किए गए। इसमें 5.2 फीट वर्ग में जगदलपुर के दिनेश कुमार नाग , 5.5 फीट वर्ग में रायपुर सेंट्रल के विजय बहादुर सिंह , 5.7 फीट वर्ग में दुर्ग के टीकेश कुमार साहू एवं 5.7 फीट से अधिक के वर्ग में कोरबा पश्चिम एड्रिन रॉड्रिक्स को विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर मैच के निर्णायक राकेश साहू, अमित बंछोर, वैद्य मैत्री, मनीष जंघेल एवं संजय साहू को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 8 क्षेत्रीय टीमों के 57 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन शक्तित्तोलन (पॉवर लिफ्टिंग) की सात वर्गों में प्रतिस्पर्धा हुई वहीं दूसरे और अंतिम दिन शरीर सौष्ठव ( बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र, रायपुर सेन्ट्रल, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा और जगदलपुर की टीमों ने हिस्सा लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शराब दुकान में...

ने उड़ीसा भेजेनगर जामपाली निवासी तरुण दास 19 वर्ष पिता बाला दास को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उसने गोपालपुर स्थित शराब दुकान में लूटपाट की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। इस मामले में तरुण दास के साथ महासमुंद खल्लारी निवासी करण दास 30 वर्ष पिता जगन्नाथ दास व उड़ीसा निवासी ए. सीनू 40 वर्ष शामिल थे। इस मामले में फिलहाल पुलिस ने इस गिरोह के एक ही सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जबकि मामले के दो प्रमुख आरोपी करण दास व ए. सीनू अब तक फरार हैं। जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है। पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले फरार आरोपियों को भी पुलिस जल्द पकड़ लेगी।

### बस व ट्रक ...

भिड़ंत हो गई जिससे बस व ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि बस में सवार यात्रियों को चोट नहीं आयी। हादसे की सूचना मिलते ही बांगो थाना प्रभारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया और सड़क के बीचो-बीच पड़े दोनों वाहनों को किसी तरह हटाकर रास्ते को पुनः बहाल किया गया। उल्लेखनीय है कि कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में लगातार हादसे हो रहे हैं। इस मार्ग में हादसों को रोकने की दिशा पर पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है लेकिन कोई सफलता नहीं मिल रही है। लगातार बढ़ते हादसों की वजह से इस मार्ग में आने जाने वाले लोग भयभीत रहते हैं।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का हुआ विश्राम

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार के बस्ती रोड निवासी सेवानिवृत प्रचार्य जयसिंह राठौर के यहा श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन ऊनके निवास स्थान पर हो रहा था जिसके अंतिम दिन हवन, सहस्त्रधारा, कन्या भोज, ब्राह्मण भोज के उपरांत भंडारा का आयोजन कर समापन किया गया। कथावाचक पंडित ओमप्रकाश तिवारी के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया गया। इस हवन पूजन में प्रमुख रूप से पं.हीरालाल पाण्डेय, देवेश शर्मा,सं जय दुबे, रेखराम पाण्डेय, श्रीमती सुभद्रा देवी राठौर, सूर्यकांत राठौर, कमलेश राठौर, संजय राठौर, निलेन्द्र राठौर, गजेन्द्र राठौर, जगजीवन राठौर, परमेश्वर राठौर, राजेश राठौर, श्रीमती अंजूषा राठौर, श्रीमती संजूशा राठौर, तीजराम सहित अन्य महिलाएं एवं ग्रामीणउपस्थित रहे। कथा का रसपान पंडित ओमप्रकाश तिवारी के द्वारा आनंददायक व संगीतमय तरीके से किया जा रहा था। देवी माता के भजनों को बड़े ही अच्छे तरीके से गायन किया जा रहा था, जिसका श्रवण ग्राम व आसपास के लोग कर रहे थे।

### दीपका व बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को दिया था अंजाम

# तीन अलग-अलग स्थानों में चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका, नागिनभांठा व जवाली के तीन अलग अलग मकानों में चोरी करने वाले शातिर बदमाशों को पुलिस ने धरदबोचा है। जहां पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात को बरामद किया है जबकि मामले में फरार चल रहे एक आरोपी की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर में निवासरत श्रीमती पूर्णिमा महंत के द्वारा एक लिखित आवेदन का प्रस्तुत किया गया था कि 19 से 21 मार्च के मध्य अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर घर मे रखे सोने, चांदी के जेवर एवं नगदी रकम को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी द्वारा टीम गठित किया गया। पुलिस के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया और मामले की छानबीन की जा रही थी। इस बीच पूर्णिमा महंत ने अनिकेत कुमार कंवर उर्फ अंशु पर संदेह जताया था जिसके आधार पर पुलिस ने अनिकेत को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिस पर उसने पहले अपना अपराध को छुपाने कि कोशिश किया बाद पुलिस द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर उसने गांव मे घूमते समय सूने मकान और दरवाजे में ताला लगा देखकर अपने साथी मोंगरा निवासी उत्तम पठारी को बताया जो रात्रि में अपने दोस्त धीरज झा एवं ओम प्रकाश उर्फ सोनू उर्फ लेपटाप के साथ मोटर साइकल से विजयनगर आये और पूर्णिमा महंत के घर के गैंती से घर का ताला तोड़कर सोने चांदी एवं नगदी रकम को चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के द्वारा आरोपी अनिकेत उर्फ अंशु के निशानदेही पर बांकीमोंगरा निवासी उत्तम पठारी एवं धीरज झा को पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि बांकी थाना अंतर्गत ग्राम नागिनभांठा एवं जवाली के सूने मकानों में भी चोरी करना स्वीकार किया। जिसमें एक आरोपी ओमप्रकाश उर्फ सोनु उर्फ लेपटाप निवासी बांकीमोंगरा फरार है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने चांदी एवं नगदी को बरामद किया गया तथा पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 380, 34, 411 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में तीनों आरोपी।



## नेशनल हाइवे के इर्द-गिर्द मंडरा रहा है हाथियों का झुंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में 37 हाथी इन दिनों अलग-अलग झुण्ड बनाकर घूम रहे हैं। शनिवार की रात 17 हाथियों का झुण्ड केंदई वन परिक्षेत्र के कांपानवापारा के पास नेशनल हाईव के निकट पहुंच गए। आवागमन आधे घंटे के लिए के लिए बाधित हो गया था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। तब कहीं जाकर वाहनों का आवामन बहाल हुआ। खेत खलिहानों से फसल का उठाव होने व गर्मी का असर शुरू होने के बाद रहवासी क्षेत्रों की ओर हाथियों का विचरण बढ़ गया है। विगत माह जंगल में रह रहे हाथियों के झुण्ड को गांव के आसपास देखा जा रहा है। शनिवार को हाथियों का झुण्ड 4 भागों में विभक्त होकर हाथी लालपुर, मोरगा, मड़ई व कांपानवापारा के पास विचरण कर रहे थे। कटघोरा-अंबिकापुर को जोड़ने वाली नेशनल हाइवे के कांपानवापारा के पास शनिवार को 17 हाथी आ धमके। इससे आवागमन बाधित होने लगी। इन दिनों ड्रोन कैमरा व एप के माध्यम हाथियों के विचरण की स्थल की जानकारी वन विभाग को तत्परता से मिल रही है। नेशनल हाइवे में हाथियों के विचरण करने की सूचना मिलते ही वनकर्मी सक्रिय हो गए। हाथियों को हाइवे मार्ग से दूर जंगल की ओर खदेड़ा गया, इसके बाद आवागमन बहाल हुई।

### एचएमएस यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष बने अनूप

**दीपका।** दीपका नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष, वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष दीपका यूथ भाजपा जिला महामंत्री अनूप यादव को सबसे बड़ा श्रमिक संगठन कोयला मजदूर सभा एचएमएस छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों ने शुभकामनाएं दी है। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एमएमएस के केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पांडे ने दी है। श्री यादव के कुशल नेतृत्व में यूथ विंग का मजबूत संगठन तैयार होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## तीन टन कबाड़ सहित एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- कटघोरा थाना क्षेत्र का मामला
- छोटा हाथी वाहन में कबाड़ ले जा रहा था आरोपी

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा व एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में बीते दिन कटघोरा थाना क्षेत्र में कबाड़ का परिवहन कर खपाने जा रहे वाहन को कटघोरा पुलिस घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता पाई है। पुलिस की घेराबंदी देख मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया वहीं एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है साथ ही कबाड़ परिवहन करते वाहन व लगभग 3 टन कबाड़ जप्त किया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र में श्रीराम कन्स्ट्रक्शन द्वारा पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। पुल निर्माण के मैनेज़र सीताराम यादव ने कटघोरा थाना में आकर शिकायत दर्ज कराई की उनके कार्यस्थल से सेंट्रिंग प्लेट, एंगल व लोहे की सरिया की चोरी हो गई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए तथा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने अपने उच्च अधिकारियों को सूचना देकर मामले की पतासाजी की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मौके से छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 8293 की जॉच की गई। जांच में पुलिस को वाहन में भारी मात्रा में कबाड़ पाया गया। पुलिस ने वाहन से तनवीर खान उर्फ राज को गिरफ्तार किया वहीं वाहन में मौजूद मुख्य आरोपी सलमान कबाड़ी घेराबंदी देख मौके से फरार हो गया है। जिसकी पतासाजी में पुलिस जुट गई है। जप्त वाहन की कीमत 4 लाख व जप्त कबाड़ की बाज़ार कीमत 50 हज़ार के आसपास बताई जा रही है।



आरोपी।

## बैंक में होने वाले अपराध के बारे में पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- पुलिस हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में पाम्पलेट के माध्यम से लोगों को कर रही सचेत




पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिए जाने एवं सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किए जाने के लिए थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। थाना व चौकी प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण कृषक मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना व चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया बैठक में उपस्थित लोगो को वर्तमान में सरहदी जिलों में हुई उठाईगीरी की।

घटनाओं के संबंध में लोगों को बताया गया और किस गलती के कारण वहां घटना घटित हुआ उसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं लोगों को इस संबंध में समझाइश दिया गया कि कभी भी बैंक जाएं तो हमेशा अकेले न जाकर दो तीन लोगो को साथ लेकर जाए, किसी अनजान लोगों से बात न करे और सीधे घर जाएं, कहीं पान ठेला या चाय ठेला में न रुके इस बैठक में ग्राम पंचायत पोड़ी के सरपंच, वहां के पांच मितानिन एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर इस बैठक में हिस्सा लिए। सजग कोरबा के तहत पैम्फलेट सभी को वितरण किया गया और पैम्फलेट के माध्यम से सजग कोरबा का प्रचार करने के लिए निवेदन किया गया। पुलिस के द्वारा लिए गए बैठक में महिलाओं को समझाइश दिया गया कि महुवा का सीजन आने वाला है जब भी महुआ बीनने जाएं तो अकेले महिलाएं जंगल न जाए और न ही बच्चे बच्चियों को महुवा बीनने जंगल तरफ भेजे। महुआ बीनने हमेशा तीन चार लोग एक साथ जाए। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगो को साइबर अपराध होने पर नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कारवाना है। एटीएम संबंधी ठगी के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया, सेक्सटार्शन एवं महिला संबंधी अपराध की जानकारी दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बहुत ज़्यादा होने की बात बताते हुए लोगो को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहाँ गया। वहाँ उपस्थित लोगो को इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जन जागरूकता संबंधित पैम्फलेट का वितरण किया गया।

### श्रमिक संघ के पदाधिकारीयो ने श्रम मंत्री से की मुलाकात

**कोरबा।** भाजपा बालको मंडल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर के नेतृत्व में भारत अल्युमिनियम श्रमिक संघ बालको के पदाधिकारियों ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर सीजीआर से आईडी एक्ट लागू करने पर उनके निवास पहुंचकर आभार जताया।

### कालेज की परीक्षाएं हुई प्रारंभ

**कोरबा।** बोर्ड परिक्षाओं की समाप्ती के बाद कोरबा जिले में कालेज की परिक्षाओं का दौर शुरु हो गया है। शांतिपूर्ण माहौल में कालेज की परीक्षा ली जा रही है।

### बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में फंसी

**कोरबा।** बांगो थाना के अधिन मोरगा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले कटघोरा अंबिकापुर एनएच 130 में ग्राम पंचायत केंदई के आश्रित मोहल्ला कावर पखना, हसदेव नदी ब्रिज बांगो डूबान के पास सुबह अंबिकापुर से कटघोरा की ओर जा रहे छत्तीसगढ़ बलौदा बाजार जिले के दो बसों में सवार 50 तीर्थयात्रियों ने दोपहर डूबान में स्नान कर भोजन, पश्चात कुछ क्षण आराम करने के बाद शाम तक सभी पर्यटक अपने गृह ग्राम के लिए रवाना होने की तैयारी कर रहे थे तत्पश्चात पर्यटक वाहन माहामाया बस एवं श्रद्धा सुबरी बस के चालक ने वाहन को मोड़ते समय अपना नियंत्रण खो दिया था। जिससे बस गड्ढा में घुस गई। हालांकि इस दौरान बस में कोई यात्री सवार नहीं थे।













